हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 16/2015 द्वारा स्थापित), रायपुर नाका, दुर्ग (छ.ग.) – 491001
Email: academic@durguniversity.ac.in, Website: www.durguniversity.ac.in, Phone - 0788-2359400

क्र./ 974 / अधिष्ठाता/शोध/2021 **दुर्ग, दिनांक 19 /02/2021**

//अधिसूचना//

विश्वविद्यालय के विनियम क्रमांक–107 के नियमानुसार एवं विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक की प्रत्याशा में किये गये अनुमोदन के अनुसार निम्नलिखित महाविद्यालय को दर्शित विषय में शोध केन्द्र की मान्यता प्रदाय की जाती है ।

नवीन शोध केन्द्र की सूची

क्र.	विषय	शोध केन्द्र
01.	1. वाणिज्य 2. शिक्षा	श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी, भिलाई, जिला–दुर्ग (छ.ग.)

उपरोक्तानुसार यह भी कि संबंधित महाविद्यालय को दर्शित विषय में शोध केन्द्र की मान्यता इस निर्देश के साथ प्रदाय की जा रही है कि संबंधित महाविद्यालय विश्वविद्यालय के विनियम क्रमांक–107 के नियमों/शोध केन्द्र हेतु विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर जारी सूचना/अधिनियम/निर्देशों/आदेशों/आरक्षण नियमों एवं शोध केन्द्र की प्रतिवर्ष प्रति विषय अनुसार वार्षिक संबंद्धता शुल्क हेतु जारी अधिसूचना पत्र 424/अका./शोध/2019, दुर्ग दिनांक 17/09/2019 का पालन अनिवार्य रूप से करेंगे। यह भी की शोध केन्द्र द्वारा उपर्युक्त नियमों के उल्लंधन किये जाने पर संबंधित महाविद्यालय शोध केन्द्र पर विश्वविद्यालय विनियम क्रमांक 107 की कंडिका 11 के अनुसार कार्यवाही की जावेगी जिसके लिये संबंधित शोध केन्द्र स्वयं जिम्मेदार होंगे।

नोट – शोध केन्द्र वार्षिक संबंद्धता शुल्क की राशि प्रत्येक वर्ष के माह जून तक विश्वविद्यालय के यूकों बैंक के खाता क्र. 1829011059791 में चालान के माध्यम से कुलसचिव, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के नाम जमा कर बैंक पर्ची की मूलप्रति अनिवार्य रूप के अकादमिक विभाम के पी–एच.डी. सेल में प्रस्तुत करेंगे।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

क्र./ 975 / अधिष्ठाता/शोध/2021 **दुर्ग, दिनांक 19 /02/2021**

प्रतिलिपिः–

1. प्राचार्य, समस्त शोध केन्द्र/समस्त संबद्ध महाविद्यालयों को सूचनार्थ ।
2. कुलपति के निज सहायक/कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) ।
3. वि.वि. वेबसाईट प्रभारी, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) की वेबसाईट पर प्रदर्शित किये जाने सूचनार्थ।

19/2/21

अधिष्ठाता छात्र कल्याण
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)